प्रसार भारत
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना



---

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – नशे का कारोबार राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती। नशे के खिलाफ सभी से एकजुट होने की अपील की।

02 राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में इकतीस दिसम्बर तक समर्थ पोर्टल के सभी मॉड्यूल लागू होंगे। उच्च शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार का बड़ा कदम।

03. गयाजी केंद्रीय कारा के उपाधीक्षक सुदर्शन प्रसाद सिंह को अनियमितता और लापरवाही के आरोप में किया गया निलंबित।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीमांचल सहित प्रदेश के विभिन्न भागों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का कारोबार देश की सुरक्षा, सामाजिक व्यवस्था, आर्थिक हितों और युवाओं के भविष्य के लिए खतरा है। उन्होंने आध्यात्मिक नेताओं, युवाओं और माताओं से इस अभियान में मिलकर भाग लेने की अपील की। श्री शाह ने यह बात नई दिल्ली में नार्को–कोऑर्डिनेशन सेंटर यानी एन.सी.ओ.आर.डी की दसवीं शीर्ष स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए की।

––साउंड बाइट––

आज हमारा देश नारकोटिक्स के खिलाफ लड़ाई के ऐसे नाजुक मोड़ पर खड़ा है। आने वाले तीन साल तय करने वाले हैं कि नशा हम पर विजय प्राप्त करेगा या हम नशे पर विजय और मेरा आप सबसे विनम्र आग्रह है कि देश के आने वाले सौ वर्ष के भविष्य के लिए ये लड़ाई हमें जीतनी चाहिए, दृढ़ता के साथ जीतनी चाहिए और हमारे संयुक्त प्रयास से जीतनी चाहिए।

गृह मंत्री ने कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े अपराधों की जानकारी समय पर साझा करने के लिए कई ऑनलाइन पोर्टल शुरू किए हैं। उन्होंने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों से इन पोर्टलों पर नशे से जुड़े मामलों की जानकारी तय समय सीमा के भीतर अपलोड करने को कहा।

––साउंड बाइट––

नार्को ऑफेंडर्स आज टेक्नोलॉजी से सक्षम बने हुए हैं। वह नेटवर्क आधारित बन चुके हैं और मल्टी डोमेन अपराध के रूप में भी आज हमारे सामने खड़े है। ये सभी चीजें इन लड़ाई को और कठिन बनाती है, इसलिए हमारी प्रतिक्रिया एक रोडमैप आधारित होनी चाहिए और उसमें आधुनिक इंटेलिजेंस लीडबेस प्रतिक्रिया होनी चाहिए। टेक्नोलॉजी ड्रिवन अप्रोच होना चाहिए और नेटवर्क सेंट्रिक लड़ाई हमें करनी पड़ेगी।

———————————————————————————

राज्य में उच्च शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, डिजिटल प्रशासन और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए आज पटना लोकभवन में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। राज्यपाल—सह—कुलाधिपति सैयद अता हसनैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे। बैठक में सभी विश्वविद्यालयों में इस वर्ष इकतीस दिसंबर तक समर्थ पोर्टल के सभी मॉड्यूल लागू करने के निर्देश दिये गए हैं। इस दौरान नवसृजित दो सौ ग्यारह सरकारी डिग्री महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की केंद्रीकृत नियुक्ति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति—दो हजार बीस के प्रभावी क्रियान्वयन, शोध एवं डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यार्थियों की लंबित डिग्रियों के वितरण कार्य को तीस सितम्बर तक पूरा करने का निर्देश दिया गया।

———————————————————————————

गयाजी केंद्रीय कारा के उपाधीक्षक सुदर्शन प्रसाद सिंह को अपराधियों के साथ मिलीभगत और कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में गृह विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित उपाधीक्षक पर जेल में प्रतिबंधित सामाग्री मिलने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का आरोप है। जेल अधीक्षक की जांच में यह भी सामने आया है कि उपाधीक्षक की ओर से बंदियों के परिजनों से पैसे लेकर उनकी ओर से लाई गई सामग्री को बिना सुरक्षा जांच के जेल परिसर में पहुंचाया जाता था।

———————————————————————————

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के चढ़ावे और दान से जुड़े कथित अनियमितता के मामले में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में आठ नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर श्रीराम जन्मभूमि थाने में यह मामला दर्ज किया गया। एस.आई.टी. ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी, जिसके बाद कल प्राथमिकी दर्ज की गई। इस मामले पर जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी होंगे, सरकार उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करेगी।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने भरत भूषण तिवारी कथित मुठभेड़ मामले पर कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस पर कड़ी कार्रवाई शुरू की है। श्री झा ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि एनडीए सरकार राज्य में कानून और व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

राज्य सरकार ने राजस्व प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए प्रदेश के नब्बे अंचलाधिकारियों का एक साथ तबादला कर दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह स्थानांतरण विभागीय वार्षिक तबादला नीति के तहत किया गया है। इससे पहले विभाग ने साठ अंचलाधिकारियों का तबादला किया था। इस प्रशासनिक फेरबदल का उद्देश्य राजस्व एवं भूमि प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में विभागीय स्तर पर जून माह में वार्षिक तबादलों की व्यवस्था लागू की गई थी।

————————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर सरकार संवेदनशील है। श्री तिवारी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार ने स्थानांतरण पोर्टल लांच किया है, जिससे शिक्षकों का स्थानांतरण सरल, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त होगा।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास और सुशासन का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसे देश के अनेक राज्यों ने अपनाया है। पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के बाद श्री यादव ने कहा कि एनडीए सरकार न्याय के साथ विकास की अपनी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी कथित मुठभेड़ मामले में सरकार पूरी निष्पक्षता के साथ काम कर रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार अट्ठाईस जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा।

---

ग्रामीण विकास और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने किसानों से परंपरागत खेती के साथ वैज्ञानिक तकनीक, उन्नत बीज और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की है। श्री कुमार ने नालंदा जिले के नूरसराय में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इससे फसलों का उत्पादन बढ़ेगा और खेती अधिक लाभदायक बनेगी। उन्होंने किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को समझने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए भी प्रेरित किया।

---

मुहर्रम की आज दसवीं तारीख है। हजरत इमाम हुसैन और बहत्तर साथियों की शहादत की याद में योम–ए–आशूरा मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया जुलूस और मातमी जुलूस का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि हजरत इमाम हुसैन का बलिदान सत्य और न्याय के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने प्रदेशवासियों से पारंपरिक सद्भाव, शांति और भाईचारे के माहौल में मुहर्रम मनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत हमें इंसानियत, त्याग और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

---

इधर, मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी थानों को जुलूस मार्ग पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर निकलने वाले अलम और ताजिया जुलूस के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किये हैं। पटना के फुलवारीशरीफ, पत्थर की मस्जिद, दानापुर और पटना सिटी

समेत तीन सौ इक्यावन स्थानों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही जुलूस मार्ग और पहलाम स्थल के आस–पास अस्थायी पुलिस चौकी बनाया गया है।

————————————————————————

पटना समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिली है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान शिवहर, मधुबनी और पश्चिम चंपारण जिले के कुछ स्थानों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवहर में सबसे अधिक एक सौ बारह दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, पश्चिम चंपारण के बगहा में पंचानवे मिलीमीटर, हरलाखी में अड़सठ मिलीमीटर और सोनवर्षा में उनचास मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। विभाग ने कहा है कि मानसून की उत्तरी सीमा अभी मोतिहारी से होकर गुजर रही है। अगले तीन से चार दिनों में बिहार के शेष भागों में मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां हैं। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

––साउंड बाइट––

————————————————————————

भारत और आयरलैंड के बीच बेलफास्ट में आज पहला टी–ट्वेंटी इंटरनेशनल मैच खेल जा रहा है। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। ताजा समाचार मिलने तक आयरलैंड ने सत्रह ओवरों में पांच विकेट खोकर एक सौ चौंसठ रन बना लिए हैं। भारत और आयरलैंड के बीच सीरीज का दूसरा और अंतिम टी–ट्वेंटी मैच रविवार को खेला जाएगा।

————————————————————————

सीवान के सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने मॉडल सदर अस्पताल में बन रहे आईसीयू का निरीक्षण किया। चार बिस्तरों वाले अत्याधुनिक आईसीयू को तीस जून तक चालू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

————————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन सौ चालीस लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सुपौल के जिलाधिकरी सावन कुमार और अपर समाहर्ता सच्चिदानंद सुमन ने वीरपुर अनुमंडल के चौदह और सुपौल अनुमंडल के पंद्रह नवनियुक्त पीडीएस डीलरों को लाईसेंस प्रदान किया।

———————————————————————————

रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रथम चरण में जिले के सात हजार से अधिक कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को निःशुल्क लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————————————

पश्मिच चंपारण जिले के चनपटिया प्रखंड के परसौना गांव में आंधी और बारिश के दौरान वज्रपात से कई घरों में लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – नशे का कारोबार राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती। नशे के खिलाफ सभी से एकजुट होने की अपील की।

02 राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में इकतीस दिसम्बर तक समर्थ पोर्टल के सभी मॉड्यूल लागू होंगे। उच्च शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार का बड़ा कदम।

03. गयाजी केंद्रीय कारा के उपाधीक्षक सुदर्शन प्रसाद सिंह को अनियमितता और लापरवाही के आरोप में किया गया निलंबित।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीमांचल सहित प्रदेश के विभिन्न भागों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।